# राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् बल्लभगढ़
## राजभाषा कार्यान्वयन समिति

एनसीबी, बल्लभगढ़ कार्यालय में दिनांक 21 जुलाई, 2026 को "हिन्दी शब्दों का संसार तथा हिन्दी भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी" विषय पर नराकास, फरीदाबाद के सहयोग से हिन्दी कार्यशाला आयोजन



भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा समय-समय पर राजभाषा हिन्दी के प्रगतिशील प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यशालाओं के आयोजन संबंधी निर्देश जारी किए जाते हैं। इसी क्रम में एनसीबी, बल्लभगढ़ कार्यालय में दिनांक 21 जुलाई, 2026 को "हिन्दी शब्दों का संसार तथा हिन्दी भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी" विषय पर नराकास, फरीदाबाद के सहयोग से हिन्दी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



कार्यशाला की अध्यक्षता आदरणीय डॉ. संजीव कुमार चतुर्वेदी, सचिव-एनसीबी एवं संयुक्त निदेशक द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री अमित त्रिवेदी, सेवा प्रमुख - एचआरएस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही नराकास, फरीदाबाद की ओर से आदरणीय श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, श्रीमती संजना जी, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) तथा श्री प्रशांत ध्यानी जी, प्रबंधक (राजभाषा) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में माननीय श्री किशोर कुमार कौशल, सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), एसटीसी ऑफ इंडिया लिमिटेड को आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान के माध्यम से हिन्दी शब्द-संपदा, राजभाषा हिन्दी के प्रभावी प्रयोग तथा कार्यालयीन कार्यों में सरल एवं मानक हिन्दी के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस कार्यशाला में नराकास, फरीदाबाद के विभिन्न सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इनमें भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड से श्री दीपक मोहन साख्यंधर, लेखाकार, तथा पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ), उत्तरी अंचल, फरीदाबाद से श्रीमती नेहा सिंह, आशुलिपिक ग्रेड एवं श्रीमती सोनू, उच्च श्रेणी लिपिक सहित एनसीबी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यशाला को सफल बनाया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदरणीय डॉ. संजीव कुमार चतुर्वेदी, सचिव-एनसीबी एवं संयुक्त निदेशक ने सर्वप्रथम कार्यशाला के मुख्य वक्ता माननीय श्री किशोर कुमार कौशल, सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), एसटीसी ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा आदरणीय श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास, फरीदाबाद का पौधा भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।






आदरणीय डॉ. संजीव कुमार चतुर्वेदी, सचिव-एनसीबी ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार की हिन्दी कार्यशालाओं का उद्देश्य केवल भाषा का ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों में राजभाषा हिन्दी के प्रति आत्मविश्वास विकसित करना, कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रभावी एवं सहज प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा अपने विचारों को सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करना भी है।

अपने संबोधन के अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे हिन्दी भाषा का सम्मान करें, उसके अधिकाधिक प्रयोग को अपने दैनिक एवं कार्यालयीन कार्यों में अपनाएँ तथा राजभाषा हिन्दी के संवर्धन एवं विकास में सक्रिय योगदान देकर भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

 

श्री अमित त्रिवेदी, सेवा प्रमुख - एचआरएस एवं संयुक्त निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी का शब्द-भंडार अत्यंत समृद्ध एवं व्यापक है। समय के साथ प्रशासन, विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा अन्य विविध क्षेत्रों से संबंधित हजारों शब्द हिन्दी में विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कम्प्यूटर, ई-मेल, ई-ऑफिस तथा विभिन्न ऑनलाइन प्रणालियों में हिन्दी में कार्य करना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक सरल, सुविधाजनक और प्रभावी हो गया है।



उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का उद्देश्य कठिन एवं जटिल शब्दों का प्रयोग करना नहीं, बल्कि ऐसी भाषा का उपयोग करना है जो सरल, स्पष्ट, शुद्ध तथा सभी के लिए सहज हो। जहाँ सरल एवं प्रचलित हिन्दी शब्द उपलब्ध हों, वहाँ अनावश्यक रूप से अंग्रेज़ी शब्दों का प्रयोग करने से बचना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक हिन्दी का प्रयोग करते हुए राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान दें।



आदरणीय श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास, फरीदाबाद ने अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यशाला के मुख्य वक्ता माननीय श्री किशोर कुमार कौशल, सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), एसटीसी ऑफ इंडिया लिमिटेड का परिचय कराते हुए उनका हार्दिक स्वागत किया।

उन्होंने एनसीबी कार्यालय में इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन के लिए अध्यक्ष महोदय आदरणीय डॉ. संजीव कुमार चतुर्वेदी, सचिव-एनसीबी एवं संयुक्त निदेशक के प्रति आभार व्यक्त

करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी के प्रगतिशील प्रयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह कार्यशाला एक अत्यंत सराहनीय एवं सार्थक पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के आयोजन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रभावी, सरल एवं सहज प्रयोग के लिए प्रेरित करेंगे तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक सुदृढ़ बनाएँगे।

कार्यशाला के समापन उपरांत श्रीमती संजना जी, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) एवं श्री प्रशांत ध्यानी जी, प्रबंधक (राजभाषा) द्वारा हिन्दी भाषा ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया। प्रश्नोत्तरी के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए राजभाषा हिन्दी एवं राजभाषा नीति से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को नराकास, फरीदाबाद की ओर से आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि ने प्रतिभागियों में हिन्दी के प्रति रुचि एवं उत्साह को और अधिक प्रोत्साहित किया।




अंत में, सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। इसी के साथ कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

